बिहार विकास मिशन
BIHAR VIKAS MISSION

बिहार विकास मिशन

(मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के शासकीय अधीन)
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम कैम्पस,
हॉस्पिटल रोड, राजवंशी नगर, पटना–800023
दूरभाष संख्या:–0612–2285262

सं० सं०– बि०वि०मि०–स्था०–(बैठक)–03/2018 32 पटना, दिनांक 08.01.19

–:: कार्यालय आदेश ::–

बिहार विकास मिशन के शासी निकाय की दिनांक–16.11.2018 को सम्पन्न बैठक की कार्यवाही संसूचित ज्ञापांक–25, दिनांक–07.01.2019 के कार्यावली संख्या–08, 09, 10, 11 एवं 12 के अनुपालन में बिहार विकास मिशन हेतु निम्नवत पद सृजित की जाती है:–

1. बिहार विकास मिशन के कार्यालय आदेश संख्या–465, दिनांक–18.05.2017 द्वारा अपर निदेशक (प्रोग्राम मॉनिटरिंग) एवं अपर निदेशक (प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन) के साथ कार्य करने हेतु क्रमशः एक–एक Computer Assistant का पद स्वीकृत है। उक्त सृजित Computer Assistant के पदों को समाप्त करते हुए उक्त स्वीकृत पद हेतु, निर्धारित मासिक मानदेय की राशि ₹ 25,750/– (पच्चीस हजार सात सौ पचास) पर ही प्रत्येक अपर निदेशक हेतु एक–एक अर्थात कुल–02 आशुलिपिक के पद के सृजन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–5254/UDHD दिनांक–09.02.2017 द्वारा की गई अधियाचना के आलोक में उक्त विभाग हेतु Finance Specialist, IT & MIS Specialist, GIS Specialist एवं Procurement Specialist के एक–एक अर्थात कुल 04 पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. बिहार विकास मिशन के आदेश संख्या–465, दिनांक–18.05.2017 द्वारा Legal Expert के 04 (चार) पद, Legal Advisor का 01(एक) पद तथा Legal Assistant 01(एक) पद का सृजन किया गया। उक्त यथावर्णित सभी 06 (छः) पदों को Surrender/Hold पर रखते हुए Legal Officer के 10 (दस) नए पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की जाती है जिसका मानदेय ₹ 50,950/– (पचास हजार नौ सौ पचास) प्रतिमाह निर्धारित किया जाता है।

4. बिहार विकास मिशन के आदेश संख्या–465, दिनांक–18.05.2017 द्वारा Executive Assistant के 04 पदों का सृजन किया गया। उक्त पदों को Hold पर रखते हुए Management Assistant-I का 01(एक) पद एवं Management Assistant-II के 01(एक) पद के सृजन की स्वीकृति प्रदान की जाती है जिनका मानदेय क्रमशः ₹ 1,00,000/– (एक लाख) एवं ₹ 75,750/– (पचहत्तर हजार सात सौ पचास) प्रतिमाह निर्धारित किया जाता है।

5. बिहार विकास मिशन के सदस्य सचिव, कार्यालय में लेखा का कार्य करने हेतु लेखापाल के 01 (एक) पद के सृजन की स्वीकृति प्रदान की जाती है। उक्त पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर कर्मी कार्य करेंगे।

6. उपर्युक्त कंडिका–02–05 तक के पदों पर नियोजन, संविदा के आधार पर किया जायेगा।

7. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

7/1/2019
(संजय कुमार)
सदस्य सचिव

कृ०पृ०उ०

ज्ञापांकः– बि०वि०मि०–स्था०–(बैठक)–03/2018 ......32...... पटना, दिनांक–....08·01·2019....

प्रतिलिपिः– सभी माननीय मंत्री–सह–सदस्य, शासी निकाय, बिहार विकास मिशन/मुख्यमंत्री के परामर्शी, नीति एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन–सह–सदस्य, शासी निकाय, बिहार विकास मिशन/मुख्य सचिव, बिहार–सह–सदस्य, शासी निकाय, बिहार विकास मिशन/विकास आयुक्त, बिहार–सह– सदस्य, शासी निकाय, बिहार विकास मिशन/पुलिस महानिदेशक, बिहार–सह–सदस्य, शासी निकाय, बिहार विकास मिशन/ मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव/सचिव–सह–सदस्य, शासी निकाय, बिहार विकास मिशन/ सभी विभागीय प्रधान सचिव/सचिव–सह–सदस्य, शासी निकाय, बिहार विकास मिशन, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

7/1/2019
सदस्य सचिव

ज्ञापांकः– बि०वि०मि०–स्था०–(बैठक)–03/2018 ......32...... पटना, दिनांक–....08·01·2019....

प्रतिलिपि :– मिशन निदेशक/ महाप्रबंधक (विधि एवं अधिप्राप्ति)/ महाप्रबंधक (मानव संसाधन)/ महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा), बिहार विकास मिशन, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

7/1/2019
सदस्य सचिव

ज्ञापांकः– बि०वि०मि०–स्था०–(बैठक)–03/2018 ......32...... पटना, दिनांक–....08·01·2019....

प्रतिलिपि :– आई० टी० प्रबंधक, बिहार विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

7/1/2019
सदस्य सचिव